स्वाधीनता दिवस पर जालोर में 81 व्यक्ति होंगे सम्मानित

जालोर,(कासं)। जिले में 76वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 81 व्यक्तियों को मुख्य समारोह स्थल पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने बताया कि स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 81 व्यक्तियों को मुख्य समारोह में सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में राष्ट्रीय स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में रजत व राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर 22 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता वुशू फाईट में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर चित्राक्ष सक्सेना पुत्र अवनिश सक्सेना, राष्ट्रीय स्तरीय दिव्यांग खिलाड़ी प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर पूरी कुमारी पुत्र सवाराम, कक्षा-12वीं विज्ञान संकाय में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर भारतीय ज्ञान मंदिर उ.मा.वि. बडगांव के छात्र खुशाल कुमार पुत्र सोमताराम, कक्षा-12वीं कला संकाय में 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर रा.मा.वि. लाछीवाड़ की छात्रा शोभाग कुमारी पुत्री केहराराम, कक्षा 12वीं कल संकाय में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर रा.उ.मा.वि. तिलोड़ा के छात्र मुकेश कुमार पुत्र गणेशाराम, कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर इंसपायर पब्लिक स्कूल सियाणा की छात्रा पूजा कुमारी पुत्री मांगीलाल, कक्षा 10वीं में 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर देवकरन पब्लिक उ.मा.वि. सांचोर के छात्र वसनाराम पुत्र भगाराम एवं स्काउट गाइड द्वारा सत्र 2021-22 में राष्ट्रीय स्तरीय गोल्डन ऐरो बैज अवॉर्ड प्राप्त करने पर सुबोध विद्या मंदिर उ.मा.वि. जालोर के छात्र अनिल सुन्देशा पुत्र चैनाराम को सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार उल्लेखनीय कार्यो के लिए जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र सिंह, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी जवाहर राम चौधरी, सायला उपखण्ड अधिकारी सुरजभान विश्नोई, उप वन संरक्षक यादवेन्द्र सिंह चूण्डावत, कोषाधिकारी हमीराराम मेघवाल, बागोड़ा तहसीलदार नानगाराम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाष मणि, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक धनसिंह राजपुरोहित, पंचायत समिति जालोर के विकास अधिकारी सांवलाराम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना वृत सांचोर के अधिशाषी अभियन्ता हरिराम चौधरी, जिला चिकित्सालय जालोर के चिकित्साधिकारी (निश्चेतन) डॉ. अभिषेक पटेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भीनमाल के चिकित्साधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार, नगरपालिका भीनमाल के अधिशाषी अधिकारी आशुतोष आचार्य, जसवंतपुरा के एसीबीईओ त्रिकमाराम देवासी, रा.उ.मा.वि. विरोल बड़ी के व्याख्याता किशनलाल सारण, पंचायत समिति चितलवाना के संदर्भ व्यक्ति व्याख्याता मिश्रीमल सुथार व दी जालोर सैण्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि. जालोर के वरिष्ठ प्रबंधक शांतिलाल सोनी को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट के सहायक प्रशासनिक अधिकारी देवाराम व बद्रीप्रसाद, जिला चिकित्सालय जालोर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार, तहसील जालोर के ऑफिस कानूनगो पुखसिह भाटी व भू.अ.निरीक्षक गेनाराम भुंगरिया, कोषाधिकारी कार्यालय जालोर के कनिष्ठ लेखाकार चम्पतलाल, उपकोष कार्यालय भीनमाल के कनिष्ठ लेखाकार वासुदेव आचार्य, सहायक अभियंता कार्यालय डिस्कॉम जालोर के इंजीनियरिंग सुपरवाईजर खेदाराम सुथार, राबाउमावि रानीवाड़ा के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सुरजपाल सिंह देवड़ा, राउमावि सूरजवाड़ा के शारीरिक शिक्षक हितेश सुन्देशा, रा.उ.मा.वि. झोटडा के शारीरिक शिक्षक पुनमचंद विश्नोई, राबाउप्रावि सराणा (आहोर) की शिक्षिका शालू मिश्रा, उप निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएँ कार्यालय जालोर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी रामजीवन गोदारा, सीडीपीओ कार्यालय जालोर की महिला पर्यवेक्षक नीरा माथुर, पंचायत समिति बागोड़ा के सहायक विकास अधिकारी परमानन्द दवे, पंचायत समिति भीनमाल के सहायक विकास अधिकारी बाबुलाल सुथार, जिला चिकित्सालय जालोर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शम्भुसिंह बालावत, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार कार्यालय जालोर के सहायक लेखाधिकारी-। हेमेन्द्र सिंह, ब्लॉक कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग जालोर के सूचना सहायक जगदीश कुमार सिंधल, लेटा पटवारी वालाराम विश्नोई, कलेक्ट्रेट के वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार, राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह जालोर के छात्रावास अधीक्षक आसुसिंह शेखावत, क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय जसवंतपुरा के सहायक वनपाल रज्जाक खां, सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के संगणक अरविन्द कुमार, बीएसएसओ रानीवाड़ा कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र कुमार दौराता, जिला स्टेडियम जालोर के प्रभारी रतनसिंह मंडलावत, यूपीएचसी लाल पोल जालोर की एएनएम सुश्री प्रियंका जाखड़, जोधावास के ग्राम विकास अधिकारी नरींगाराम, पुलिस अधीक्षक कार्यालय जालोर के वरिष्ठ सहायक प्रदीप कुमार व कनिष्ठ सहायक महावीर सिंह, पशुपालन विभाग जालोर के पशुधन सहायक महावीर सिंह शेखावत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितलवाना के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जोगाराम पुरोहित, आरएसआरटीसी सांचोर के परिचालक मोहनलाल, उपखण्ड कार्यालय भीनमाल के वाहन चालक सुरेन्द्र कुमार भाम्बू व रा.रा.प.प.निगम जालोर के चालक भेराराम सारण, तहसील जालोर के सहायक कर्मचारी भारताराम, डाईट के च.श्रे.कर्मचारी लालाराम, महात्मा गांधी रा.वि. शिवाजी नगर जालोर की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुशीला देवी, नगर परिषद जालोर के सफाई कर्मचारी गोरखाराम पुत्र श्यामलाल व लक्ष्मी पत्नी चैनाराम को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जायेगा।

इसी प्रकार महिलाओं, बालिकाओं की आत्मरक्षा, सशक्तिकरण, महिला कानून व सुरक्षा उपायों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मनस्वा संस्था जालोर की अध्यक्ष डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, ग्राम तवाब में बोरवेज में गिरे बच्चे को सफलतापूर्वक जीवित बाहर निकालने के साहसी कार्य करने के लिए मेडा पुरोहितान निवासी मादाराम पुत्र प्रतापाराम, उत्कृष्ट तैराक व रेस्क्यू कार्यों में सराहनीय कार्य के लिए नागरिक सुरक्षा सदस्य मदनलाल पुत्र लादूराम, रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर रक्तकोष फाउण्डेशन जिला शाखा जालोर के जिलाध्यक्ष अरविंद पारंगी, एक लाख 53 हजार रूपये का सहयोग कर 180 परिवारों का चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा करवाने पर नरसाणा निवासी भामाशाह तगराज पुत्र सोनाजी प्रजापत, बीस लाख रूपये की लागत से पटवार भवन आलासन का नव-निर्माण करवाने पर आलासन निवासी जयन्तीलाल पुत्र सुखराज संघवी, आमजन को जागरूक कर शत-प्रतिशत चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा करवाने पर नरसाणा की सरपंच दुर्गा कंवर पत्नी जोगेन्द्र सिंह, इन्दिरा रसोई योजना के तहत सर्वश्रेष्ठ रसोई चयनित होने पर जय खीमज माता एण्ड कम्पनी, पाली के संचालक, मूक बधिर बच्चों की सेवा, तुलसी के पौधे मय गमले वितरण एवं गौवंश का इलाज करवाने पर व्यापार मण्डल भीनमाल के अध्यक्ष ओमप्रकाश माहेश्वरी, राशन वितरण व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने पर हरियाली के राशन डीलर भारमल मेघवाल, रक्तदान के लिए आमजन को प्रेरित करने पर शांति नगर कॉलोनी जालोर निवासी अशोक कुमार मेघवाल पुत्र नाथूराम, ग्राम तवाब में पटवार भवन का निर्माण करवाने के लिए भामाशाह को प्रेरित करने पर तवाब निवासी कृष्ण कुमार पुरोहित, कट जूती का कार्य विशेष कलाकृति से करने व जूती उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाने पर बडगांव निवासी किशोर कुमार पुत्र पुखराज जीनगर, परिवार पर नकाबपोश द्वारा हमला करने पर हिम्मत से उसका मुकाबला कर गिरफ्तार करवाने का साहसी कार्य करने पर गोडीजी निवासी किरण देवी पत्नी मुकेश कुमार जीनगर व सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगरपालिका सांचोर के पार्षद प्रवीण कुमार राणा को सम्मानित किया जायेगा।

झोपडी में सो रहे युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, मौत

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट उडवारिया ग्राम पंचायत के बारी खेड़ा गांव में अपने घर पास ही झोपडी में सो रहे पिंटाराम उम्र 19 साल पुत्र बाबू जाति गरासिया पर रात करीब ढाई से 3 बजे के बीच किसी ने कुल्हाड़ी से वार कर जानलेवा हमला कर दिया।

हमले में पिंटाराम गरासिया गम्भीर रूप से घायल हो गया। हमला करते ही युवक के चिल्लाने पर परिजन भाग आये तो हमला करने वाले दो युवक मौके से भाग गए। घायल युवक को परिजन इलाज हेतु गुजरात के पालनपुर लेकर गए। जहाँ पर इलाज के दौरान घायल युवक ने दम तोड़ दिया युवक के दम तोड़ने के बाद में परिजन उसके शव को अनादरा के राजकीय अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत होने के बाद में परिजनों ने शव को मोर्चरी में रखने के बाद में पोस्टमार्टम करवाने के लिए इंकार करते रहे और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते रहे। जिसको लेकर उडवारिया सरपंच जेताराम चौधरी व डिप्टी घनश्याम वर्मा भी मौके पर पहुंचे और परिजनों व गांव के लोगो से समझाइस करते रहे लेकिन परिजन नही माने और गांव के लोग और परिजन के बीच में आपसी पंचायती चली।

उसके बाद में डिप्टी घनश्याम वर्मा व थानाधिकारी गीतासिंह ने 5 दिन के भीतर में हत्या के आरोपियों व हत्या के मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया जिस पर परिजन व गांव के लोग शव का पोस्टमार्टम करने के लिए राजी हुए। ऐसे में करीबन 6 छंटे तक शव मोर्चरी कक्ष में ही पड़ा रहा। 6 घण्टे के बाद में शव का पोस्ट मार्टम हुआ। और शव को पुलिस की मौजूदगी में दफनाया गया। मामले में पुलिस ने मंछाराम को डिटेन कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। सोनाराम की तलाश के लिए एक टीम रवाना हो गई है।

गौरतलब है की हत्या की वजह 25 से 30 साल पहले की रंजिश के चलते की है। दरअसल जानकारी के अनुसार आरोपियों के पिता बाबुराम ग्रासिया (तेलपी खेडा) 25 से 30वर्षो पहले मृतक पिंटाराम गरासिया के घर के पास में रहते थे। जिनको गाँव के लोगों ने यहाँ जगह खाली करवा दी थी।

मन्नू भंडारी पर आधारित संगोष्ठी का समापन

मध्य मन्नू भंडारी पर साहित्यकार सुधा अरोडा द्वारा सम्पादित पुस्तक संघर्षों का अलाव: आख़रों की आंच ; का विमोचन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया।

जोधपुर,(निसं)। राजस्थान साहित्य अकादमी ,उदयपुर और अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद ,जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में मन्नू भंडारी के रचनाकर्म पर दो दिवसीय राष्ट्रीय लेखिका संगोष्ठी का समापन होटल प्रतीक के सभागार में महनीय लेखिकाओं, अतिथि साहित्यकारों और शहर के साहित्यसुधीजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।

राष्ट्रीय लेखिका संगोष्ठी के समापन सत्र में मन्नू भंडारी की पुत्री और हंस पत्रिका की प्रबंधक निदेशक रचना यादव ने उनकी स्मृतियों को भावनात्मक रूप से उपस्थित श्रोताओं के समक्ष रखा। मन्नू जी के व्यक्तित्व के अनछुए पहलुओं को उन्होंने सामने रखा । जब वे गईं , एक अंश चला गया ;- कहकर उन्होंने सदन को भाव से सराबोर कर दिया। सारे दायित्व एक साधारण साड़ी में निभाकर और अपनी शर्तों पर सम्पूर्ण जीवन जीकर जाने के बाद अनेक अनलिखीं रचनाएं उनके सामान से मिली । रचना यादव ने माँ के साथ और उनसे एकमेव होकर जीए गए जीवन के संवेदनात्मक पहलुओं को सामने रखा। साहित्यकार सुधा अरोड़ा ने मन्नू भंडारी के साथ अपनी सृजनात्मक और स्नेहभरी यादों को अपने उद्बोधन में रोचकता और गहनता से प्रस्तुत किया । उन्होंने मन्नू जी के बेबाक और व्यावहारिक व्यक्तित्व को उजागर करते हुए कहा कि वे लेखिका के साथ सामाजिक कार्यकर्त्ता, गृहिणी , काऊंसलर , माँ , पत्नी की विविध भूमिकाओं में रहीं । अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद की महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने दो दिवसीय संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्यक्रम की सारपूर्ण विवेचना की। सत्र की अध्यक्षता करते हुए मोहन कृष्ण बोहरा ने इस कार्यक्रम के लिए की गई मेहनत और रचनात्मक पृष्ठभूमि की सुंदरता के लिए पद्मजा शर्मा और परिषद को साधुवाद दिया । उन्होंने दोनों दिनों के सत्रों में भूमिका निभाने वाले प्रत्येक साहित्यकार-लेखक के महत्वपूर्ण अवदान को रेखांकित किया । डॉ कौशलनाथ उपाध्याय और मंजू चतुर्वेदी ने दो दिन की इस संगोष्ठी की महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए । समापन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन गाँधी शांति प्रतिष्ठान के मानद सचिव भावेन्द्र शरद जैन द्वारा किया गया। इसका सफल संचालन शायरा रेणु वर्मा द्वारा किया गया। प्रथम दिन तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया ।प्रथम तकनीकी सत्र में मन्नू भण्डारी के उपन्यासों पर अध्यक्ष दीप्ति कुलश्रेष्ठ ,मुख्य अतिथि प्रो कैलाश कौशल ,विशिष्ट अतिथि डॉ नीतू परिहार ने अपने वक्तव्यों द्वारा प्रकाश डाला तो डॉ नवज्योत भनोत और तसनीम खान ने पर्चे पढे ।द्वितीय तकनीकी सत्र कहानी और आत्मकथा पर आधारित था । उसमें अध्यक्ष सुषमा चौहान ,मुख्य अतिथि डॉ चंद्रकांता बंसल ,विशिष्ट अतिथि डॉ अनीता वर्मा थीं और पत्र वाचन किए डॉ कामिनी ओझा तथा डॉ अनीता गोयल ने । तृतीय तकनीकी सत्र में मन्नू भण्डारी की आत्मकथा और कहानियों पर चर्चा हुई । इस सत्र की अध्यक्ष सुधा अरोड़ा ,मुख्य अतिथि डॉ मंजु चतुर्वेदी ,विशिष्ट अतिथि डॉ प्रीति भट्ट थी तो पत्र वाचक थे डॉ कीर्ति शर्मा और वीणा करमचंदाणी।

संगोष्ठी के दूसरे दिन का प्रथम सत्र मन्नू भंडारी के पटकथा व नाटक लेखन पर केंद्रित रहा । इस सत्र की अध्यक्ष डॉ रजनी कुलश्रेष्ठ ,मुख्य अतिथि डॉ. रेणु शाह ,विशिष्ट अतिथि डॉ कंचना सक्सेना थीं और पत्र वाचन किया डॉ रंजना उपाध्याय और किरण राजपुरोहित, नितिला ने विभिन्न सत्रों का संचालन किया रेणु वर्मा ,डॉ शालिनी गोयल ,डॉ नीना छिब्बर,संतोष चौधरी ,मोनिका गौड़ ने तथा धन्यवाद ज्ञापन किया ऋचा शरद अठावाल ,डॉ चांदकौर जोशी , बसंती पँवार ,आशा पाराशर और डॉ भावेन्द्र शरद जैन ने । मध्य मन्नू भंडारी पर साहित्यकार सुधा अरोड़ा द्वारा सम्पादित पुस्तक ; संघर्षों का अलाव: आख़रों की आंच ; का विमोचन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। सत्रों के अंत में सभी मंचासीन अतिथियों और साहित्यकारों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए ।

रोटरी क्लब ने मनाया अमृत महोत्सव

रानीवाड़ा,(निसं)। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में देश अमृत महोत्सव मना रहा है। रविवार को विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं व संगठनों की ओर से विशाल तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा फहराकर पर्व मनाया। इसी को लेकर रोटरी क्लब रानीवाड़ा की ओर से सब्जी मंडी के पास महिला कंप्यूटर सेंटर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया।

इस मौके पर संस्थान के भवन पर तिरंगा फहराकर बालिकाओं की ओर से राष्ट्रगान गाया गया। ठाम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. भाणाराम बोहरा ने आजादी के 75 साल होने पर हर घर तिरंगा को अनिवार्य रूप से अपनाने की बात कही। शिव सांई सेवा समिति के मुकेश खुंटेटा ने इस अवसर पर प्रण लेकर एक बुरी आदत छोड़ने का निर्णय लेने की बात कही। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन गुमानसिंह ने अमृत महोत्सव पर पीएम मोदी के हर घर तिरंगा महोत्सव को सफल करने की अपील कर महिलाओं व बालिकाओं को खास कर इस महोत्सव में सक्रिय भूमिका अपनाने की अपील की। इस मौके पर अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील करते हुए जागरूक भी किया। इस दौरान संस्थान में अध्ययनरत गर्ल्स में तिरंगा रैली को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि मफाराम राणा, बाबूसिंह, ममताकुमारी बेलदार, दक्षा बोहरा, भूमि कुमारी, मुमताज बानू, दत्ता कुमारी, सोनू बोहरा, सृष्टि प्रजापत, दिपिका खत्री, संजू कुमारी शर्मा, गार्गी बोहरा, रानू बेलदार, प्राची जानी, दिपिका जीनगर, संतोष बेलदार, मारिया माहेश्वरी, संगीता कंवर सहित कई जने मौजूद रहे।

वीरमदेव छात्रावास में मनाई दुर्गादास राठौड़ जयंती

जालोर,(कासं)। क्षत्रिय के चरित्र को पूर्ण रूप से जीवन में जीकर बताने वाले आदर्श पुरुष दुर्गादास राठौड़ थे। इनका जीवन चरित्र और गीता को अपने शिक्षण का आधार मानता है। गीता के अनुरूप संघ के अनुसार एक क्षत्रिय में जो प्रभाव होना चाहिए वह हूबहु दुर्गादास राठौड़ ने अपने जीवन में जीकर बताया। उन्होंने स्वामीभक्ति, स्वाभिमान, वीरता, धीरता, गंभीरता और ऐश्वर्य भाव का ऐसा जीवंत उदाहरण दिया जो हम सभी को प्रेरणा प्रदान करता है। दुर्गादास राठौड़ के जन्म से लगाकर उनके शिप्रा के तट पर देहावसान तक अस्सी वर्ष का जीवन रहा। लेकिन उसमें से साठ वर्ष का जीवन संघर्ष की कहानी है। पूरी राजपूत कौम और हमको चाहिए कि उन्हें अपना आदर्श मानते हुए अपने जीवन को कृतार्थ करें। यह बात रविवार को वीर वीरमदेव राजपूत छात्रावास जालोर में आयोजित दुर्गादास राठौड़ जयंती कार्यक्रम में संभाग प्रमुख अर्जुनसिंह देलदरी ने कही।

- **दुर्गादास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित**

कार्यक्रम की शुरुआत दुर्गादास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से की गई। वरिष्ठ स्वयंसेवक और क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के केंद्रीय समिति सदस्य गणपतसिंह मंडलावत ने दुर्गादास के जीवन का परिचय प्रस्तुत किया। वीरमदेव शिक्षण संस्थान के सचिव चंदनसिंह चंपावत, ईश्वरसिंह देचू, जेठूसिंह पचाववा, राजवीरसिंह देवडा, गोविंदसिंह रतुजा सहित विभिन्न समाज बंधुओं ने दुर्गादास के जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सभी को प्रेरणा लेने की बात कही। ईश्वरसिंह सांगाना ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान दीपसिंह डूडसी, पूर्णसिंह बागरा, चंदनसिंह, राजेंद्रसिंह, रतनसिंह भवरानी, कानसिंह बोकडा सहित राजपूत समाज के लोग उपस्थित रहे। छात्रावास के बालकों ने भी दुर्गादास के जीवन परिचय का विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी को संघर्ष करते हुए समाज के लिए आदर्श बनने की बात कही।

जोधपुर शहर में सनातनधर्मी सुहागिनों का पवित्र पर्व कजरी तीज (बड़ी तीज) का पूजन चांदपोल चौका में निर्मला जोशी के निर्देशन में किया गया। पूजा स्थल पर पूजन सामग्री - सत्तु के साथ परिवार एवं मोहल्ले की सुहागिनों एवं कन्याओं ने पूजा की। निर्मला जोशी ने कथा वाचन किया। पूजन के पश्चात सभी ने चन्द्रदर्शन कर आक के पत्तों पर सत्तु एवं फल के साथ व्रत खोला।

आजादी की 75वीं वर्ष गांठ पर कांग्रेस ने निकाली आजादी की गौरव यात्रा

पाली,(निसं)। देश की आजादी के 75 वी वर्ष गांठ पर कांग्रेस पार्टी की ओर से जिले में निकाली गई आजादी की गौरव यात्रा का आज पाली में समारोहपूर्वक समापन हुआ, इससे पहले पाली शहर में यह यात्रा आयोजित की गई।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कांग्रेस नेता महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई के नेतृत्व में पाली में आजादी की गौरव यात्रा की शुरुआत कांग्रेस भवन से हुई, जंहा प्रदेश की ओर से नियुक्त समन्वयक रमेश बोराणा, पूर्व सभापति केवलचन्द गुलेच्छा, विधानसभा प्रत्याशी महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने इस यात्रा को रवाना किया। जिसमें सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व सेवादल के कार्यकर्ता मय गणवेश सबसे आगे चल रहे थे।

यहां से शिवाजी सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, सूरजपोल अहिंसा सर्किल होते हुए नवलखा रोड, पुराना बस स्टैंड, व्यास सर्किल, मस्तान बाबा, नया बस स्टैंड होते हुए काका गार्डन पहुंची। रास्ते सभी जगहों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान सभी कांग्रेसजन रास्ते मे भारत माता की जयघोष करते चल रहे थे, वंही जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। नया बस स्टैंड पर सादड़ी से रवाना हुई यात्रा भी 75 किलोमीटर की दूरी पूरी कर पहुंची व पाली शहर से निकली हुई यात्रा के साथ दोनों का संगम हुआ। यहा आयोजित समापन समारोह को संबोधित करते हुए पीसीसी की ओर से नियुक्त समन्वयक रमेश बोराणा ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों के त्याग, तपस्या और बलिदान से हमे आजादी मिली, स्वाधीनता संग्राम में कांग्रेस पार्टी का अहम योगदान रहा है। आज देश आजादी की 75 वी वर्षगांठ मना रहा है, इसको लेकर कांग्रेस पार्टी की और देश भर में आजादी की गौरव यात्रा निकाली जा रही है। कांग्रेस नेता महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है, इसके गौरव व मान-सम्मान को बनाये रखना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने सभी को आव्हान किया कि अपने-अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर आजादी के इस जश्न में अपनी सहभागिता जरूर निभाये साथ ही तिरंगे के गौरव का भी पूरा ध्यान रखे।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, पूर्व सभापति केवलचन्द गुलेच्छा, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पीसीसी सचिव भूराराम सीरवी, सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, वरिष्ठ नेता शिशुपालसिंह राजपुरोहित, रतन जणवा, एडवोकेट भागीरथसिंह राजपुरोहित, रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित, अभिमन्युसिंह फालना गांव, वरिष्ठ नेता मोटू भाई, महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य प्रकाश सांखला, महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला सह संयोजक जीवराज बोराणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य जोगाराम सोलंकी, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष मेहबूब टी, पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा, डीएमएफटी सदस्य सुमेरसिंह मनवार, जिला क्रीड़ा परिषद उपाध्यक्ष यशपालसिंह कुम्पावत, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या साँखला, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष किशोर चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष भँवर राव, जिला हज कमेटी अध्यक्ष हारून छिपा, उप प्रधान कानाराम पटेल, आमीन अली रंगरेज़, मदन पंवार ने सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर पार्षद आनंद सोलंकी, रिखब जैन, अर्जुनसिंह भाटी, राजेन्द्र मेघवाल, इंसाफ घोषी, आसिफ भाटी, रघुनाथसिंह मण्डली, बाबू भाई गौरी, उमा चौधरी, संतोष दुबे, पूर्व उप प्रधान मुन्नालाल परिहार, डीएमएफटी सदस्य हेमाराम पटेल, गिरधारीसिंह धोलेरिया शासन, वागाराम विश्नोई, माणक गर्ग, पंचायत समिति सदस्य डूंगाराम सीरवी, सरपंच अमराराम बेनीवाल, दिलदार खान, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित, प्रकाश मेघवाल, प्रभुराम जांगिड़, प्रवीण पटेल, प्रकाश सोनी, धनराज लोहार, मांगूसिंह दुदावत, रतनाराम भींडर, यशपाल सिंह शिवतलाव, कमलकिशोर देवासी, सुभाष मेवाड़ा, प्रवीणसिंह श्रीसेला, महेश परिहार, गणपत पटेल, रुस्तम मिस्त्री, जमील कादरी, जगदीश प्रजापत, जसाराम परिहार, घनश्याम भाटी, भेराराम गुर्जर, शमीम खत्री, असलम मेहर, अमीन भाई मारवाड़, मासूम अली मेव, लक्ष्मण कच्छवाह, रोशनसिंह सोलंकी, श्याम बागोरिया, जीवाराम बंजारा आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस की ओर से निकाली गई आजादी की गौरव यात्रा को समन्वयक रमेश बोराणा, पूर्व सभापति केवलचन्द गुलेच्छा, महावीरसिंह सुकरलाई, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीज दर्द अदि ने असंबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रधान राजपुरोहित ने किया निरीक्षण

सिवाना,(निसं)। निकटवर्ती लुदराडा में लम्पी स्किन बीमारी को देखते हुए पहाड़ेश्वर मंदिर स्तिथ गौशाला में सिवाना प्रधान मुकन सिंह राजपुरोहित ने लम्पी रोग से संक्रमित गायों का निरीक्षण किया गया।

कई गाये बेहोश होने के कारण डॉक्टर एलएसए की टीम बुलाकर उपचार शुरू करवाया गया।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य ठाकुर मानसिंह मोकलसर, अर्जियाना सरपंच प्रतिनिधि तोगाराम, उपसरपंच राजुसिंह, गौभक्त शांति देवी विश्नोई, खंगारसिंह अर्जियाना, श्रवणसिंह इंद्राणा सहित ग्रामीणगण मौजूद रहे।

भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली रैली

जालोर, (कासं)। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार को तिलक द्वार के अंदर से एक रैली निकाली और जोर शोर से घर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई।

रैली में जिला महामंत्री अंजना सोलंकी, जिला मंत्री गायत्री गौड, जिला कार्यकर्ता सदस्य इंदु चौधरी, पूर्व जिला मंत्री डॉ मंजू मेघवाल, नगर महामंत्री संतोष माली, नगर उपाध्यक्ष जीवन लता, मीडिया प्रभारी तेजल भारद्वाज सहित अन्य शहरवासी महिला उपस्थित रहे ।

गडरा रोड से मुनाबाव तक निकली तिरंगा यात्रा

बाड़मेर, (निसं)। बाड़मेर में गडरा रोड़ क्षेत्र के युवा समाजसेवी वीरम सिंह सोढा जैसिंधर के नेतृत्व में रविवार को गडरा रोड से सीमांत मुनाबाव तक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकली। जिसमें सैकडों मोटरसाइकिल सवार हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति डीजे की धुन पर झूमते हुए चालीस किलोमीटर का सफर तय करके मुनाबाव पहुंचे ।

सीमांत क्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर यहां के युवाओं में जबरदस्त क्रेज था। उसी को मद्देनजर रखते हुए ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका जगह जगह पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार भी किया।

गडरारोड़ से शुरू हुई ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा के मुनाबाव पहुँचने पर तनोट वारियर्स के कमांडेंट जीएल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि थार वासियों का राष्ट्र भक्ति के प्रति जज्बा काबिले तारीफ है । हर घर तिरंगा अभियान के तहत बीएसएफ आमजन के साथ जुड़कर इस अभियान को और मजबूत बना रही है , बस जरूरत है सीमावर्ती क्षेत्र के लोग बीएसएफ के साथ सकारात्मक कार्यों में सहयोग करे। इस दौरान भाजपा नेता खुमान सिंह सोढा ने कहा कि ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में यहां के नौजवानों में देशभक्ति का जज्बा साफ नजर आता है, इस दौरान 36 कौम के लोगों में तिरंगा यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह और उमंग का माहौल था।

- **सीमांत क्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर यहां के युवाओं में जबरदस्त क्रेज**
- **गौमाता को बचाने में अपना योगदान देने वाले युवाओं को कमांडेंट और अतिथियों ने सम्मानित किया**

इस अवसर पर पर गौमाता को बचाने में अपना योगदान देने वाले युवाओं को कमांडेंट और अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सीमाजन कल्याण समिति के रघुवीरसिंह तामलोर ने किया।

इस दौरान बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट प्रभात कुमार सिंह , असिस्टेंट कमांडेंट संजीव तिवारी, किशन सुंदराई, नरपत सिंह, जीवराज सिंह,दशरथ मेघवाल, पप्पा राम सरपंच ,नन्द लाल लोढ़ा, जोगराज सिंह रोहिडाला, कमल सिंह अभे का पार, हिन्दू सिंह, हठे सिंह, प्रेम सिंह, गिरधर सिंह जैसिंधर, राजू राम मेघवाल, ज